### खबर संक्षेप

## पेंशनर्स समिति की मासिक बैठक, लंबित पेंशन प्रकरणों के शीघ्र निराकरण पर जोर



**दमुआ।** समिति की कन्हान क्षेत्र शाखा की मासिक बैठक चिल्ड्रन पार्क दमुआ में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत राष्ट्रगीत से हुई तथा गत माह दिवंगत हुए पेंशनर्स को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में बताया गया कि जून 2026 तक परिवार पेंशन के अधिकांश प्रकरण स्वीकृत होकर भुगतान शुरू हो चुका है, जबकि श्रीमती धनवती ठाकुर का प्रकरण बैंक संबंधी त्रुटि के कारण लंबित है। पीएफ विभाग द्वारा पेंशन निर्धारण एवं RPPO जारी करने में हो रही देरी पर भी चिंता जताई गई। फेडरेशन के प्रयासों से दिसंबर 2026 तक सभी RPPO जारी करने पर सहमति बनी है। न्यूनतम पेंशन और 11वें वेतन समझौते के तहत संशोधन से वंचित पेंशनर्स से आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने की अपील की गई। बैठक में सदस्यता अभियान एवं सहयोग राशि बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। अंत में सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए राष्ट्रगान के साथ बैठक संपन्न हुई।

## नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

**जुन्नारदेव।** खेल और युवा कल्याण विभाग जुन्नारदेव एवं पुलिस चौकी अंबारा के संयुक्त तत्वाधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पालाचौरई में शाला के छात्र छात्राओं एवं समस्त स्टॉफ को ब्लॉक समन्वयक विभा तारन द्वारा नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई इस अवसर पर उप निरीक्षक संजय सोनवानी द्वारा समस्त उपस्थित जनों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों एवं इनसे बचने की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं इस अवसर पर मुख्य रूप से शाला प्राचार्य श्री बी एल विश्वकर्मा, आरक्षक राजेश लोधा, अनिल गौर, राजेश बंसोड, धनंजय चौरसिया, रूपेंद्र जैन, सीमा पवार, उमेश साहू, अनिल विश्वकर्मा, वर्षा बिनझाडे, मंजुला टांडेकर, शिप्रा राय, उर्मिला काले सहित लगभग 360 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### मरम्मत और निर्माण कार्यों में अनियमितता के आरोप, भौतिक सत्यापन कर निष्पक्ष जांच की मांग

# खेल परिसर की गिरी बाउंड्रीवाल ने खोली निर्माण कार्यों की पोल, करोड़ों के खर्च पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया



जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित तामिया का एकमात्र आवासीय खेल परिसर एक बार फिर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और शासकीय राशि के उपयोग को लेकर सवालों के घेरे में है। परिसर में पिछले कुछ वर्षों में मरम्मत और विभिन्न निर्माण कार्यों पर करीब एक करोड़ रुपये खर्च किए जाने के बावजूद हाल ही में निर्मित बाउंड्रीवाल का एक हिस्सा पुताई पूरी होने से पहले ही गिर जाने से निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग गए हैं।

जानकारी के अनुसार, लगभग दो वर्ष पूर्व खेल परिसर के मरम्मत कार्यों के लिए करीब 87 लाख रुपये का टेंडर जारी किया गया था। आरोप है कि यह कार्य निर्धारित शासकीय दर से लगभग 37 प्रतिशत कम दर पर एक ठेकेदार को दिया गया। इसके बाद परिसर में मरम्मत, खेल मैदान, बाउंड्रीवाल, पीटीआई कक्ष, शौचालय और विद्युतीकरण सहित कई कार्य कराए गए।स्थानीय स्तर पर आरोप लगाए जा रहे हैं कि कुछ पुराने निर्माण कार्यों को नया दर्शाकर उनका पूर्ण मूल्यांकन कर भुगतान किया गया। विशेष रूप से खेल परिसर के पीछे बनाई गई बाउंड्रीवाल की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि दीवार में आवश्यक प्लिंथ बीम का निर्माण नहीं किया गया, जिसके कारण नाले के किनारे स्थित हिस्सा हवा के दबाव में भरभराकर गिर गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार किए गए होते तो नई बाउंड्रीवाल इतनी जल्दी क्षतिग्रस्त नहीं होती। इस घटना के बाद निर्माण कार्यों की निगरानी करने वाले अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि कार्यों की गुणवत्ता की प्रभावी निगरानी नहीं की गई।

क्षेत्र के लोगों ने पूरे खेल परिसर में हुए निर्माण एवं मरम्मत कार्यों का स्वतंत्र तकनीकी और भौतिक सत्यापन कराने की मांग की है।

उनका कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच कराई जाए तो यह स्पष्ट हो सकेगा कि निर्माण कार्य स्वीकृत मापदंडों के अनुरूप हुए हैं या नहीं तथा शासकीय राशि का उपयोग नियमानुसार किया गया है। मामले को लेकर जनजातीय कार्य विभाग की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने आना अभी शेष है।

## सुकलूढाना स्कूल में उत्साहपूर्वक मनाई गई चंद्रशेखर आजाद जयंती



**छिंदवाड़ा।** महान क्रांतिकारी एवं अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती के अवसर पर शासकीय माध्यमिक शाला शुक्लु ढाना में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को देशभक्ति, राष्ट्रसेवा और बलिदान की भावना से प्रेरित करना रहा।शाला की प्रभारी प्रधानाध्यापक अर्पना शाह एवं शिक्षिका बबीता शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे चित्रों के माध्यम से चंद्रशेखर आजाद के व्यक्तित्व और उनके साहसिक जीवन को अपनी कला में जीवंत रूप से प्रस्तुत किया। बच्चों द्वारा बनाई गई आकर्षक चित्रकृतियों की सभी ने सराहना की।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर वातावरण को राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत कर दिया। शिक्षिका जीविका तुरकर, शिक्षक चिराग डहरिया तथा शिक्षिका अलीशा मंसूरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए चंद्रशेखर आजाद के संघर्ष, त्याग और अदम्य साहस पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आजाद का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है और हमें सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करना चाहिए।कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## शहर के विकास को मिली नई रफ्तार: एमआईसी बैठक में सोलर प्रोजेक्ट, पीएम आवास, जेल बगीचा विकास समेत कई अहम प्रस्तावों पर मुहर



**छिंदवाड़ा।** नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा की मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को महापौर विक्रम अहके की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में शहर के समग्र विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, पर्यावरण संरक्षण और राजस्व वृद्धि से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय, एमआईसी सदस्य, सभापति तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में नगर निगम में कैप्टिव सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित करने, मास्टर प्लान-2035 के तहत जेल बगीचा क्षेत्र के विकास तथा चंदनगांव बोदरी पुल के समीप निगम की भूमि के अंतरण को मंजूरी दी गई। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी 2.0) के तहत नई आवासीय परियोजना तैयार करने और भूमि आवंटन का प्रस्ताव भी स्वीकृत किया गया।एमआईसी ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के तहत बल्क वेस्ट जनरेटर से पृथक शुल्क वसूलने, जामुनझिरी स्थित लिगेसी वेस्ट के निष्पादन कार्य की अवधि बढ़ाने तथा अर्बन चैलेंज फंड के माध्यम से शहर की पेयजल व्यवस्था को और मजबूत करने के प्रस्तावों को भी हरी झंडी दी।बैठक में नगर निगम क्षेत्र में आधुनिक स्विमिंग पूल निर्माण के लिए स्थल चयन, निर्माणाधीन विद्युत शवदाह गृह की समय-सीमा 30 नवंबर 2026 तक बढ़ाने, पात्र अधिकारियों-कर्मचारियों की पदोन्नति तथा एनयूएलएम शाखा के संविदा कर्मचारियों की सेवाएं जारी रखने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा विभिन्न व्यावसायिक परिसरों की दुकानों के संवर्ग परिवर्तन और अन्य प्रशासनिक प्रस्ताव भी पारित किए गए।बैठक के अंत में वार्ड क्रमांक 47 के दिवंगत पार्षद लोकेश डेहरिया को दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। महापौर ने कहा कि एमआईसी के निर्णय शहर के सुनियोजित विकास और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होंगे।

# ई-उर्वरक प्रणाली में गड़बड़ी पर बड़ी कार्रवाई: कृष्णा बीज भंडार का उर्वरक विक्रय लाइसेंस निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

जिले में उर्वरक वितरण व्यवस्था में अनियमितताओं पर कृषि विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मोहखेड़ स्थित कृष्णा बीज भंडार का उर्वरक विक्रय लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, छिंदवाड़ा द्वारा जारी आदेश में ई-उर्वरक प्रणाली और पोर्टल पर दर्ज जानकारी के आधार पर गंभीर अनियमितताओं का उल्लेख किया गया है।

आदेश के अनुसार विभाग को ई-उर्वरक प्रणाली के माध्यम से यह जानकारी प्राप्त हुई कि संबंधित विक्रेता द्वारा 64.53 मीट्रिक टन यूरिया का वितरण बिना निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए किया गया। मामले की जानकारी मिलने पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, मोहखेड़ को जांच सौंपी गई। जांच में प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि संबंधित विक्रेता द्वारा आवश्यक दस्तावेज एवं संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया।जांच के दौरान यह भी सामने आया कि उर्वरक वितरण संबंधी आवश्यक अभिलेखों में अनियमितता पाई गई।

विभागीय आदेश में उल्लेख है कि विक्रेता द्वारा उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के विभिन्न प्रावधानों का उल्लंघन किया गया। विशेष रूप से स्टॉक एवं वितरण संबंधी रिकॉर्ड का सही संधारण नहीं होना, आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करना तथा निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं करना गंभीर लापरवाही माना गया है।

उप संचालक ने इन अनियमितताओं को देखते हुए कृष्णा बीज भंडार, मोहखेड़ का उर्वरक विक्रय लाइसेंस क्रमांक RS/455/1401/264/2025 को तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं। आदेश की प्रतिलिपि संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास, कलेक्टर छिंदवाड़ा, संयुक्त संचालक जबलपुर तथा संबंधित अधिकारियों को भी भेजी गई है ताकि आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

यह कार्रवाई ऐसे समय हुई है जब जिले में खरीफ सीजन के दौरान किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कृषि विभाग लगातार ई-उर्वरक प्रणाली के माध्यम से उर्वरकों के वितरण की निगरानी कर रहा है ताकि कालाबाजारी, फर्जी बिक्री और रिकॉर्ड में हेराफेरी जैसी गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि उर्वरक वितरण में पारदर्शिता नहीं रही तो इसका सीधा असर किसानों पर पड़ता है। ऐसे में विभाग की यह कार्रवाई अन्य उर्वरक विक्रेताओं के लिए भी एक स्पष्ट संदेश है कि नियमों की अनदेखी और रिकॉर्ड में गड़बड़ी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी।

अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि विभाग जांच को किस स्तर तक आगे बढ़ाता है और क्या इस मामले में केवल लाइसेंस निलंबन तक कार्रवाई सीमित रहेगी या फिर आर्थिक अनियमितताओं एवं अन्य संभावित जिम्मेदारियों की भी विस्तृत जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। यह मामला जिले में उर्वरक वितरण व्यवस्था की पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर एक महत्वपूर्ण उदाहरण बन सकता है।

## पुलिस अभिरक्षा में खड़े ट्रक से राशन परिवहन के फर्जी बिल बनाने पर 3 पर मामला दर्ज

**जुन्नारदेव।** शासकीय खाद्यान्न फर्जीवाड़ा और घोटाले को लेकर जुन्नारदेव थाने में फर्जी दस्तावेज तैयार कर शासकीय खाद्यान्न परिवहन का फर्जी भुगतान प्राप्त करने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में पुलिस द्वारा आरोपी श्याम पाल ट्रक मालिक/सेक्टर 15 का हितग्राही, मनोज पचलिया राशन प्रदाय केन्द्र घुट्टी का प्रभारी एवं प्रकाश यादव कंप्यूटर ऑपरेटर पर मामला दर्ज करते हुए पुलिस द्वारा बीएनएस 2023 की धारा 336(2), 336(3), 340(2), 344 एवं 49 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आवेदिका निर्मला पाल की शिकायत और पुलिस जांच के अनुसार, ट्रक मालिक श्याम पाल का ट्रक एमपी-04-एचई-1270 दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद 10 मार्च 2026 से 13 मार्च 2026 तक कुंडीपुरा थाने की पुलिस अभिरक्षा में खड़ा था। हादसे और एफआईआर को झुठलाने तथा आर्थिक लाभ पाने के लिए श्याम पाल ने राशन केंद्र घुट्टी के प्रभारी मनोज पचलिया और कंप्यूटर ऑपरेटर प्रकाश यादव की मिलीभगत से फर्जी ट्रक चिट कुल 11 बिल तैयार किए। जीपीएस ट्रैकिंग में ट्रक 61 घंटे से अधिक समय तक एक ही जगह खड़ा पाया गया। इसके बावजूद, फर्जी दस्तावेज तैयार कर शासन से □16,554 का मासिक किराया धोखे से बैंक खाते में प्राप्त कर लिया गया।

# हेवरखेड़ी-खेरेटी तक बनेगी दो लेन सड़क, खकरा चौरई मार्ग पर भी सीसी रोड को मिली मंजूरी



**सिंगोड़ी।** सिंगोड़ी क्षेत्र के विकास को लेकर लंबे समय से उठ रही मांगों को आखिरकार सरकार ने मंजूरी दे दी है। लोक निर्माण विभाग ने सिंगोड़ी से हेवरखेड़ी होते हुए खेरेटी तक दो लेन सड़क निर्माण को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। भूमि पूजन के बाद निर्माण कार्य कभी भी शुरू हो सकता है। इस सड़क के बनने से सिंगोड़ी से सिवनी जिले तक आवागमन सुगम होगा और दूरी भी कम होगी।भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनू सरसवार ने बताया कि इस सड़क की मांग लंबे समय से अमरवाड़ा विधायक कुंवर कमलेश प्रताप शाह के माध्यम से की जा रही थी। हाल ही में विधायक ने भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर इस प्रस्ताव को स्वीकृति दिलाई। इसके साथ ही सिंगोड़ी बस स्टैंड से खकरा चौरई बायपास तक लगभग एक किलोमीटर सीसी सड़क एवं नाली निर्माण को भी मंजूरी मिल गई है।मानसून सत्र के दौरान सोनू सरसवार के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल भोपाल पहुंचा था। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक कमलेश शाह को क्षेत्र की एक दर्जन से अधिक जनसमस्याओं और विकास कार्यों से संबंधित मांगपत्र सौंपा। इसमें सिंगोड़ी में कॉलेज, सीएम राइज स्कूल, बस स्टैंड सौंदर्यीकरण, सुलभ शौचालय, नगर पंचायत का दर्जा, बांका–पटनिया सड़क, उपस्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर की नियुक्ति, विद्यालय तक सड़क और बाउंड्रीवाल सहित कई महत्वपूर्ण मांगें शामिल थीं।सोनू सरसवार ने कहा कि विधायक ने सभी मांगों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया है। मुख्यमंत्री ने कई प्रस्तावों पर सहमति देते हुए क्षेत्र के विकास का भरोसा दिलाया है। इससे सिंगोड़ी और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की नई उम्मीद जगी है।

# स्कूटी से शराब तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार

### 297 पाव देशी मसाला शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



जिले में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में चौरई वृत्त के आबकारी अमले ने मुखबिर की सूचना पर बड़ी कार्रवाई करते हुए स्कूटी से अवैध शराब का परिवहन कर रहे दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 297 पाव देशी मसाला मदिरा तथा एक दुपहिया वाहन जब्त किया गया है।यह कार्रवाई कलेक्टर हरेन्द्र नारायण के निर्देश तथा सहायक आबकारी आयुक्त बी.आर. वैद्य के मार्गदर्शन में की गई। आबकारी विभाग को सूचना मिली थी कि कुछ लोग स्कूटी के माध्यम से अवैध शराब की तस्करी कर रहे हैं। सूचना के आधार पर 22 और 23 जुलाई 2026 की मध्य रात्रि को उमरिया ईसरा चौराहे स्थित यात्री प्रतीक्षालय के पास घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोका गया।तलाशी के दौरान स्कूटी पर रखे नायलॉन के बड़े थैले, कपड़े में लिपटी गत्ते की पेटी तथा वाहन की डिक्की से कुल 297 पाव देशी मसाला मदिरा बरामद हुई। जांच में शराब की कुल मात्रा 53.46 बल्क लीटर पाई गई, जो निर्धारित सीमा से अधिक है।आबकारी अमले ने शराब का अवैध परिवहन कर रहे सतनूर निवासी दीपक गजभिए और गौरीशंकर उर्फ राजा पन्द्राम को मौके से गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क) एवं 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।जब्त की गई शराब और दुपहिया वाहन की कुल अनुमानित कीमत लगभग 80 हजार रुपये बताई गई है। कार्रवाई में वृत्त प्रभारी एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी राजेश सिंघल, प्रधान आरक्षक राजकुमार यदुवंशी तथा आरक्षक भारती मरकाम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त अभियान जारी रहेगा।

## MPPSC में फिर चमकी शीतल की प्रतिभा, सहायक पंजीयक पद पर हुआ चयन



**परासिया।** भाजपा नेता विनायक नागदवने एवं रेखा नागदवने की पुत्री शीतल नागदवने ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (MPPSC) की परीक्षा में एक बार फिर सफलता हासिल करते हुए सहकारिता विभाग में सहायक पंजीयक के पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह उनकी दूसरी बड़ी उपलब्धि है।शीतल की सफलता से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। परिजनों, गुरुजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। स्थानीय लोगों ने इसे क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया।भाजपा नेता विनायक नागदवने ने कहा कि शीतल की सफलता उसकी कड़ी मेहनत, अनुशासन, शिक्षकों के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग का परिणाम है।






# मिस्कीनी समाज ने निकाला सालाना जश्ने ताजुल औलिया संदल का जुलूस

## चादर शरीफ पेश की, बड़ी संख्या में शामिल हुए मुस्लिम धर्मावलंबी

हरिभूमि न्यूज सिंगोड़ी



गुरुवार को सिंगोड़ी जामा मस्जिद से मिस्कीनी समाज ने निकाला दोपहर में 41 वा सालाना जश्ने ताजुल औलिया का संदल का जुलूस जो छिंदवारा स्थित दरगाह कमली वाले बाबा की मजार में श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद शाम को प्रसिद्ध दरगाह हज़रत मखदूम अता-उल्लाह शाह भैयाजी रह.अलेह में पहुंचा जहां पर बाबा ताजुद्दीन रह.अलेह नागपुर से लाई हुई चादर शरीफ पेश की गई तथा विशेष दुआ सलाम किया गया। समाज के जाहिद मंसूरी ने बताया कि सिलसिला-ए-मिस्कीनिया ताजिया सिंगोड़ी के तत्वावधान में अल्हाज बाबा सैय्यद फरीदउद्दीन मिस्कीनी ताजी साबरी र.अ. के द्वारा शुरू किया गया जश्ने ताजुल औलिया जो जेरे सरपरस्ती पीरे तरीकत सैय्यद शाह हुसैन मिस्कीनी ताजी साबरी, सज्जादा नशीन आस्ताना-ए-आलिया मिस्कीनिया ताजिया, सिकन्दराबाद बुलंदशहर जिनकी सरपरस्ती में नागपुर ताजाबाद शरीफ से लाई हुई चादर दरगाह भैया जी में पेश किया गया तथा मानव कल्याण हेतु दुआ प्रार्थना की गई। वही देर रात्रि तक लंगर वितरित एवं महफिले शमा नात ख्वानी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से हाजी जमालुद्दीन लाल साहब, बीडी हरगोड़े, ग्यासुद्दीन पाशा,वहीद मिस्किनी, दरगाह खादिम रियाज राजू भाई,शोभू अनबर बाबा कपिल मिश्रा नर्मदा प्रसाद कटारे फिरोज अंसारी समद मिस्किनी अहद मिस्किनी साकिर भाई सहित सिंगोड़ी रजोला पिंडरई डबीर राजाखों ढाना वनगांव, के भारी संख्या में मिस्कीनी अनुयाई सामिल थे।

### विधायक का विधानसभा में आक्रामक तेवर, विधानसभा में उठाया किसानों का मुद्दा, केसीसी का मुद्दा

**सौसर।** विधायक विजय चौरे ने विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान किसानों से जुड़ी गंभीर समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री से तीखे सवाल पूछते हुए बढ़ती महंगाई के दौर में किसानों को मिल रही राहत सीमाओं पर कड़े सवाल खड़े किए और इसे नाकाफी बताया।सदन का ध्यान आकर्षित करते हुए विधायक विजय चौरे ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में डीजल, बीज, कीटनाशक, कृषि मजदूरी और जुताई की लागत में अत्यधिक वृद्धि हुई है। इस महंगाई के अनुपात में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों द्वारा किसानों को दी जाने वाली प्रति एकड़ फसल ऋण की सीमा वर्तमान में बेहद कम और नाकाफी साबित हो रही है, जिससे अन्नदाता आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। विधायक ने सरकार से मांग की कि आगामी खरीफ व रबी सीजन से किसानों की फसल ऋण की क्रेडिट लिमिट में कम से कम 25 से 30 प्रतिशत की वृद्धि की जाए। साथ ही वैज्ञानिक अनुशंसा और भूमि की वास्तविक जरूरत के आधार पर प्रति एकड़ खाद (यूरिया, डीएपी, एनपीके) का कोटा भी बढ़ाया जाए। विधायक द्वारा उठाए गए प्रश्नों के लिखित जवाब में कृषि विकास मंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने बताया कि ई-विकास प्रणाली के तहत आईसीएआर की अनुशंसा अनुसार खाद उपलब्ध कराई जाती है, वहीं केसीसी लिमिट बढ़ाने से जुड़े अन्य बिंदुओं पर जानकारी एकत्रित की जा रही है। इसके अलावा विधायक चौरे ने पांढुर्नासे पंढरपुर जाने वाले विट्ठल भक्तों के लिए सामुदायिक भवन के निर्माण की भी जोरदार मांग उठाई है।

# विकासखंड स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न, खिलाड़ियों ने दिखाया हुनर



**सौसर।** स्थानीय शासकीय प्रावीणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सौसर के तत्वावधान में गुरुवार को नगर पंचायत बैडमिंटन हॉल में सौसर विकासखंड स्तरीय शालेय बैडमिंटन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। खेलकूद की इस रोमांचक प्रतियोगिता का शुभारंभ संस्था प्रभारी प्राचार्य लहू सरोदे ने माँ सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण और पूजन कर किया। प्रतियोगिता को संबोधित करते हुए प्राचार्य लहू सरोदे ने अपने जीवन के अनुभवों को साझा किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में किसी निश्चित लक्ष्य को निर्धारित कर यदि पूरी निष्ठा के साथ कार्य किया जाए, तो सफलता निश्चित मिलती है। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ अपने क्षेत्र और परिवार का नाम रोशन करने का संदेश दिया।विकासखंड खेल अधिकारी मिलिन्द चारे ने खेल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बैडमिंटन दुनिया के सबसे फुर्तीले और रोमांचक खेलों में से एक है। यह केवल एक खेल नहीं, बल्कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने का एक शानदार जरिया है। इसे खेलने से शरीर में ऊर्जा का संचार होता है, एकाग्रता बढ़ती है और सहनशक्ति में सुधार होता है।नोडल अधिकारी बाबा खान ने भारतीय बैडमिंटन के गौरवशाली इतिहास का जिक्र करते हुए बताया कि भारत ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने प्रकाश पादुकोण, साइना नेहवाल, पीवी सिंधु और किदांबी श्रीकांत जैसे महान खिलाड़ियों का उदाहरण देते हुए कहा कि इन दिग्गजों ने ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है, जिनसे स्थानीय खिलाड़ियों को प्रेरणा लेनी चाहिए। प्रतियोगिता को सफल बनाने में निर्णायक की महत्वपूर्ण भूमिका राजेश धनुसेवक, दर्शन लोणारे और यश धेनुसेवक ने निभाई। इसके अलावा राजू इवनाति, वीरेंद्र खंते, उज्वला गोलाईत, नंदकिशोर चौहान, विनोद ठाकुर, प्रदीप गोहत्रे, दर्शन बाविसटाले, जयंत बुरूजवाडे और निकेत लोहे सहित अन्य खेल प्रेमियों का विशेष सहयोग रहा।

# नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत निकाली रैली



**छिंदवाड़ा:** नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत जगह जगह जाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है तो वहीं कॉलेजों में विद्यार्थियों को शपथ भी दिलाई जा रही है ताकि युवा पीढ़ी नशे से दूर रहे, इसी तारतम्य में गुरुवार को प्रदेश भर में चलाए जा रहे अभियान के तहत अधिकारियों के निर्देशन में शासकीय विधि महाविद्यालय छिंदवाड़ा में प्राचार्य कमलाकर मोटघरे के मार्गदर्शन पर महाविद्यालय में डॉ. दमयंती कटरे के नेतृत्व में अध्ययनरत छात्र छात्राओं द्वारा रैली के माध्यम से लोगो को जागरूक किया गया एवं सभी को नशे से दूरी बनाए रखने शपथ भी दिलाई गई इस दौरान समस्त स्टाफ उपस्थित रहे डॉ दमयंती कटरे ने विद्यार्थियों को बताया कि नशा अपितु व्यक्ति के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर अत्यधिक तनाव एवं बीमारी पैदा करता है बल्कि नशा का सीधा असर परिवार पर भी पड़ता है जिसके चलते वर्तमान में अनेकों मामले देखने मिल रहे है। एवं नशे से दूरी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करने व नशे से दूरी बनाए रखने की सलाह दी।

# राष्ट्रीय तेली पिछड़ा वैश्य महासभा ट्रस्ट ने किया पौधारोपण




**छिंदवाड़ा।** राष्ट्रीय तेली पिछड़ा वैश्य महासभा ट्रस्ट के संरक्षक सांसद विवेक ( बंटी ) साहू , मप्र तेल घानी बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष रविकिरण साहू ,राष्ट्रीय अध्यक्ष आर के शहवाल ,राष्ट्रीय संरक्षक नमो नमो मोर्चा के एडवोकेट पुरुषोत्तम गुप्ता , प्रदेस अध्यक्ष हरिशंकर साहू ,महिला अध्यक्ष सारिका साहू के मार्गदर्शन में जिला इकाई के अध्यक्ष भगवान दिन साहू के नेतृत्व में स्थानीय साहू समाज ने पौधरोपण किया ।जिसमें आम ,नीम ,पीपल ,बढ़ आदि औषधि गुणों वाले पौधे मुख्य है । पर्यावरण के संरक्षण हेतु पौधारोपण की महत्ता है । पेड़ पौधे हमारे जीवन का मुख्य आधार है । पेड़ पौधे हमे स्वस्थ और निरोगी भी रखता है । वर्षाऋतु में प्रत्येक मनुष्य को पौधरोपण अभियान में शामिल होना चाहिये । शास्त्रों में तो यहाँ तक आता हैं कि एक पेड़ लगाने से एक अश्वमेघ यज्ञ का फल मिलता हैं । पौधरोपण का धार्मिक एव वैज्ञानिक महत्व भी है । इस कार्यक्रम में अशोक साहू ( राष्ट्रपति पदक से सम्मानित ) नमो नमो मोर्चा के जिलाध्यक्ष नितिन साहू , गायत्री परिवार के ओमी साहू एडवोकेट फतेह लाल साहू ,,पवन साहू हर्रई ,मनोज साहू ,हर्षवर्धन साहू ,दिलीप साहू ,राधेश्याम साहू ( हरि ओम होजरी ) सुभाष साहू,हरीश साहू,अलकेश साहू ( बोरदेही ) ,नितेश साहू ( राष्ट्रीय बजरंग दल ) आदि ने सहयोग किया ।

## हर्रई सिविल अस्पताल में विशेषज्ञ सुविधाओं की मांग, विधायक शाह ने मुख्यमंत्री से मिलकर रखी मांग



**हरिभूमि न्यूज हर्रई /** अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह ने हर्रई सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की है।विधायक ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि हर्रई सिविल अस्पताल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में प्रसव (डिलीवरी) होते हैं तथा यह क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य होने के कारण यहां बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यकता है।उन्होंने मुख्यमंत्री से हर्रई सिविल अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ, सोनोग्राफी मशीन तथा सर्व सुविधायुक्त एम्बुलेंस स्वीकृत करने का आग्रह किया है। विधायक शाह का कहना है कि इन सुविधाओं के उपलब्ध होने से विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं और ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को समय पर उपचार मिल सकेगा तथा उन्हें इलाज के लिए जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा।विधायक ने उम्मीद जताई है कि सरकार जनहित को ध्यान में रखते हुए शीघ्र आवश्यक स्वीकृति प्रदान करेगी, जिससे हर्रई सहित आसपास के ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों की स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सुदृढ़ हो सकेंगी।

# गायत्री चेतना केंद्र ने नर्मदेश्वर शिव मंदिर में किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज हर्रई



गायत्री चेतना केंद्र हर्रई के तत्वावधान में सराठे कॉलोनी स्थित नर्मदेश्वर शिव मंदिर परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के परिजनों, स्थानीय नागरिकों, युवाओं एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पौधे लगाए तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र के उच्चारण एवं प्रार्थना के साथ हुआ। इसके पश्चात मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने पौधों की नियमित देखभाल करने तथा उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित रखने का संकल्प भी लिया।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और लगातार घटते वन क्षेत्र के कारण पर्यावरण संतुलन बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। यदि प्रत्येक नागरिक अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसे वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखे, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण और बेहतर भविष्य मिल सकता है।गायत्री चेतना केंद्र हर्रई के पदाधिकारियों ने कहा कि गायत्री परिवार केवल आध्यात्मिक जागरण ही नहीं, बल्कि सामाजिक एवं पर्यावरणीय चेतना के लिए भी निरंतर कार्य करता रहा है।

# साहूजी महाराज जयंती पर लांजी में होगा आरक्षण दिवस समारोह, सामाजिक एकता और अधिकारों पर होगा मंथन

हरिभूमि न्यूज लाँजी ।



ओबीसी, एससी, एसटी एकता परिषद लांजी के तत्वावधान में 26 जुलाई को छत्रपति साहूजी महाराज की जयंती एवं आरक्षण दिवस के अवसर पर एक दिवसीय विचार संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम ग्राम पंचायत भवन, टेमनी (तहसील लांजी) में प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। आयोजन का उद्देश्य सामाजिक न्याय, शिक्षा, संगठन, संघर्ष और संवैधानिक अधिकारों के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना तथा आरक्षण के महत्व पर सार्थक विमर्श करना है।आयोजकों के अनुसार समारोह में बहुजन विचारक देवाजी रामटेके मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त बीओ शंकरदास धारणे करेंगे। वहीं पी. व. मो. लांजी के अध्यक्ष संजू मेंढे विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, अधिवक्ताओं, पत्रकारों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की भी सहभागिता रहेगी।महिला प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी को भी विशेष महत्व दिया गया है। ग्राम पंचायत टेमनी की सरपंच सुनीता लक्ष्मण कावरे, जनपद सदस्य कविता मातरे सहित कई महिला सामाजिक कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगी। आयोजन समिति ने बताया कि विचार संगोष्ठी में छत्रपति साहूजी महाराज के सामाजिक सुधारों, शिक्षा के प्रसार, पिछड़े वर्गों के उत्थान तथा आरक्षण व्यवस्था की ऐतिहासिक भूमिका पर विशेषज्ञ अपने विचार रखेंगे। परिषद ने क्षेत्र के नागरिकों, युवाओं, विद्यार्थियों और सामाजिक संगठनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। समारोह को सामाजिक समरसता, समान अवसर और संवैधानिक मूल्यों को

## कैप्सटन सर्विस लिमिटेड हैदराबाद ने की भर्ती, 132 अभ्यर्थियों ने कराया पंजीयन

# जनपद पंचायत लांजी में रोजगार मेले का आयोजन, 75 युवक-युवतियों का चयन

हरिभूमि न्यूज लांजी।



बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज दिनांक 23/07/2026 को जनपद पंचायत लांजी स्थित आजीविका कार्यालय सभागार में रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

रोजगार मेले में कैप्सटन सर्विस लिमिटेड हैदराबाद कंपनी के प्रतिनिधि शैलेन्द्र हरिंद्रवार एवं श्री के.डी. सोनकिया उपस्थित रहे। उन्होंने उपस्थित बेरोजगार युवक-युवतियों को चयन प्रक्रिया, वेतन, अवकाश एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। रोजगार मेले से पूर्व ग्रामीण आजीविका मिशन के कर्मचारियों द्वारा समस्त ग्रामों में गठित समूहों, ग्राम संगठनों एवं संकुल स्तरीय संगठनों के माध्यम से युवक-युवतियों एवं उनके परिजनों को सूचित किया गया था।

आज के रोजगार मेले में कुल 132 युवक-युवतियों ने पंजीयन कराया। साक्षात्कार के बाद 75युवक-युवतियों का चयन किया गया। अधिकारियों की रही उपस्थिति रोजगार मेले का सफल आयोजन जिला परियोजना प्रबंधक श्रीमती श्वेता महतो के मार्गदर्शन में ग्रामीण आजीविका मिशन जनपद पंचायत लांजी से श्रीमती सुनीता चन्ने एवं श्री अतीत फुलमारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यालय से होलेस पांचे, कुशन मटाले, निर्भया संकुल स्तरीय संगठन से कार्यालय सहयोगी रविता साबले, कविता कुचलाहे, निशा उईके, मनीषा

# तहसीलदार के आदेश के बाद शासकीय भूमि से हटाया गया अवैध अतिक्रमण



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत खमरिया में शासकीय भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को राजस्व विभाग ने गुरुवार को अतिक्रमण मुक्त करा दिया। तहसीलदार के निर्देश पर राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर ट्रेक्टर की मदद से भूमि को खाली करवाया। मिली जानकारी के अनुसार खसरा नंबर 94/15 की शासकीय भूमि पर गांव के ही मदन राउत के द्वारा अवैध तरीके से कब्जा कर कृषि कार्य किया जा रहा था। सुरेन्द्र गजभिए से शिकायत मिलने के बाद राजस्व विभाग ने जांच करवाई। जांच में अतिक्रमण की पुष्टि होने पर तहसीलदार द्वारा अतिक्रमणकारी मदन राउत को नोटिस जारी कर 15 दिवस के भीतर कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए थे। नोटिस तामिल होने के बावजूद मदन राउत द्वारा शासकीय भूमि से कब्जा नहीं हटाया गया। इसके बाद तहसीलदार ने सख्त रुख अपनाते हुए अतिक्रमण हटाने का आदेश जारी किया। राजस्व टीम मौके पर पहुंची। टीम ने शासकीय भूमि पर किए गए कृषि कार्य को हटवाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया। कार्रवाई के दौरान राजस्व निरीक्षक, संबंधित हल्के के पटवारी, ग्राम पंचायत खमरिया के सरपंच मुकेश राहंगडाले और पुलिस के जवान मौके पर मौजूद रहे। टीम की मौजूदगी में शांतिपूर्ण तरीके से अतिक्रमण हटाने

## जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी में कक्षा 11वीं वाणिज्य संकाय में प्रवेश का सुनहरा अवसर

**वारासिवनी ।** जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी के प्राचार्य संदीप कुमार जैन ने एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2026–27 में कक्षा ग्यारहवीं (वाणिज्य संकाय) के रिक्त स्थानों पर प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को सुनहरा अवसर प्रदान किया गया है।उन्होंने जानकारी दी कि विद्यार्थी बालाघाट जिले का मूल निवासी हो और उसने कक्षा 10 की परीक्षा 2025-26 में उत्तीर्ण की हो।इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश से संबंधित आवेदन पत्र एवं अन्य आवश्यक जानकारी पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी के कार्यालय से निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं।प्राचार्य ने बताया कि आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। उन्होंने पात्र विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से समय-सीमा के भीतर आवेदन कर इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

## पन्ना जिले के अमानगंज में सीएमओ के पद पर पदस्थ है शशिकपूर गढ़पाले

# मारपीट से परेशान पत्नी ने पति के खिलाफ वारासिवनी थाने में कराई एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



पति द्वारा लगातार मारपीट करने एवं अन्य महिला से अवैध संबंध से परेशान होकर ग्राम मंगेझरी निवासी आशा गढ़पाले ने वारासिवनी थाने में पहुंचकर अपने पति शशीकपूर गढ़पाले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। वारासिवनी पुलिस ने धारा 85, 296(बी), 115(2), 351(3),3(5) के तहत मामला कायम कर जांच में लिया है।शशीकपूर गढ़पाले वर्तमान में पन्ना जिला के नगर पंचायत अमानगंज में प्रभारी सीएमओ के पद पर पदस्थ है।

ग्राम मंगेझरी निवासी आशा गढ़पाले ने बताया कि बालाघाट जिले के ग्राम लिंगा निवासी शशीकपूर के साथ 2014 में समाज के रीति रिवाज के साथ विवाह हुआ था। तब मेरे पति शासकीय शिक्षक थे।जिसके बाद उन्होंने परीक्षा पास कर सीएमओ के पद पर उन्हें नौकरी लग गई।सीएमओ बनने के बाद से ही मेरे पति का व्यवहार बदलने लगा और मेरे साथ मारपीट करने लगे। मुझे तलाक देने दबाव बनाया करते है। मेरे मना करने पर मुझे जान से मारने का प्रयास करते है। कहते है की तू अनपढ़ है।मै अब बड़ा अधिकारी बन गया हु।मुझे बहुत सुंदर-सुंदर लकड़ी मिलेगी। तुझसे शादी करके मैं बहुत पछता था हू। तू मुझे अब तलाक दे दे।

कुछ दिन पहले मुझे मेरे पति ने कहा कि तुझे घर छोड़ देता हु। मुझे उन्होंने मेरे मायके ग्राम मंगेझरी छोड़ दिए और उसके दो दिन बाद तीन-चार वाहन से मेरे मायके मंगेझरी आए और वाहन से उतरते ही मुझे मारने लगे। बीच बचाव करने आए मेरे पापा और भाई के साथ भी मारपीट की। मुझसे कहते है कि तू अब मुझे तलाक दे दे। मै दूसरी शादी करूंगा।

उन्होंने बताया कि मै जब भी वापस पन्ना जाती हु। मेरे साथ मारपीट करते हैं।मेरे द्वारा पन्ना जिले में भी एफआईआर दर्ज कराई गई है। मगर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। वहां की पुलिस मेरे पति का साथ देती है। मेरी सास भी मेरे पति से कहती है कि इसे गला दबाकर मार दे।तभी तेरी दूसरी शादी होगी। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

# मेहनत से कमाओ, नशे में न उड़ाओ , उकवा खान में मजदूरों से बोले थाना प्रभारी

## पुलिस के नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज उकवा।



समाज को नशामुक्त बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक बालाघाट के निर्देशन में चलाए जा रहे ₹नशे से दूरी है जरूरी₹ अभियान के अंतर्गत नवागत थाना प्रभारी रूपझर कामेश धूमकेती बुधवार को उकवा खान पहुंचे। उनका उद्देश्य सिर्फ औपचारिक बैठक करना नहीं था, बल्कि धरातल पर जाकर उन लोगों से संवाद करना था जो दिन-रात मेहनत कर देश की रीढ़ बनते हैं।खान परिसर पहुंचते ही श्री धूमकेती ने सबसे पहले मजदूरों के बीच जाकर उनका हालचाल जाना। उन्होंने मजदूरों से उनके काम, वेतन, परिवार और रोजमर्रा की दिक्कतों के बारे में पूछा। कार्यस्थल का निरीक्षण करते हुए उन्होंने अंडर ग्राउंड और आउटडोर दोनों जगह काम करने की प्रक्रिया को बारीकी से समझा।इस दौरान उन्होंने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए बाहर काम कर रहे मजदूरों के साथ कुछ समय के लिए फावड़ा भी पकड़ा और उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया। थाना प्रभारी को अपने बीच पाकर मजदूर भी उत्साहित हो गए।बैठक के दौरान श्री धूमकेती ने मजदूरों को जीवन के महत्व को समझाते हुए कहा, ₹भाइयों, आप लोग सुबह से शाम तक धूप, बरसात और सर्दी में पसीना बहाकर अपने परिवार का पेट पालते हैं। आपकी एक-एक दिन की कमाई बहुत कीमती है। अगर इस कमाई और इस अनमोल जीवन को शराब के नाम पर बर्बाद कर देंगे तो सोचिए आपके बच्चों का क्या होगा? घर की महिलाएं क्या सहेंगी? इसलिए नशे से दूर रहिए और अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाकर उनका भविष्य उज्ज्वल बनाइए।₹उन्होंने कहा कि पुलिस का काम सिर्फ अपराध रोकना नहीं है, बल्कि समाज को जागरूक कर अपराध की जड़ को खत्म करना भी है। नशा ही कई अपराधों की जड़ है। यदि आप नशे से दूर रहेंगे तो आप स्वस्थ रहेंगे, आपका परिवार खुश रहेगा और समाज में शांति बनी रहेगी।थाना प्रभारी ने मजदूरों से अपील की कि यदि उन्हें कोई नशे का कारोबार करता दिखे या कोई मजबूर करे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। उनकी पहचान गुप्त रखी जाएगी।इस जागरूकता कार्यक्रम में चौकी प्रभारी निरीक्षक सुभाष दुबे, उकवा खान के अंडर ग्राउंड मैनेजर जयंत प्रधान, सामाजिक कार्यकर्ता जेम्स बारीक, नितिन कुमार सहित थाना रूपझर का संपूर्ण स्टाफ मौजूद रहा।कार्यक्रम के अंत में मजदूरों ने थाना प्रभारी की इस पहल की खुले दिल से सराहना की और नशे से दूर रहकर मेहनत से जीवन जीने का संकल्प लिया।

**खबर संक्षेप**

### पुनः पॉलिटेक्निक कॉलेज में ऑनलाइन परीक्षा केंद्र शुरू करने की मांग

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी नगर मुख्यालय स्थित शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा केंद्र प्रारंभ कराने की मांग विधायक दिनेश राय मुनमुन जी द्वारा विधानसभा सत्र मे प्रमुखता से पुनः उठाई गयी। गत दिवस विधानसभा सत्र के शून्यकाल मे विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि वर्तमान में जिले के युवाओं को आनलाईन प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने के लिए दूरस्थ जिलों का रुख करना पड़ता है।

सिवनी से सीधे एवं सुलभ परिवहन साधन उपलब्ध न होने के कारण कई बार परीक्षार्थी समय पर केंद्र तक नहीं पहुंच पाते हैं जिससे वे परीक्षाओं में सम्मिलित होने से वंचित रह जाते हैं। तथा बाहर जाने से छात्रों और उनके परिजनों पर अनावश्यक आर्थिक दबाव पड़ता है। स्थानीय स्तर पर केंद्र बनने से यह समस्या समाप्त होगी। विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि दूर-दराज के शहरों में परीक्षा केंद्र होने से आवागमन की दृष्टि से सबसे अधिक असुविधा छात्राओं को उठानी पड़ती है। स्थानीय केंद्र से छात्राओं की सहभागिता बढ़ेगी।

### स्कूल वाहनों की सघन जांच अभियान जारी, दो दिनों में तीन वाहन जब्त

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** इसी क्रम में 21 एवं 22 जुलाई 2026 को अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अनिमेष गढ़पाल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं उनके वाहनों का निरीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई की गई। 21 जुलाई को सिवनी स्थित अरुणाचल पब्लिक स्कूल एवं पोडार स्कूल, पलारी स्थित ज्ञान सागर स्कूल एवं अनुराग स्कूल, तथा केवलारी स्थित सेंट नॉरबर्ट स्कूल एवं दीप ज्योति पब्लिक स्कूल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्कूल संचालकों को सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुरूप स्कूल वाहनों का संचालन सुनिश्चित करने, सभी आवश्यक दस्तावेज अद्यतन रखने तथा विद्यार्थियों की सुरक्षा संबंधी मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करने के निर्देश दिए गए।

### जिला चिकित्सालय द्वारा मेडिकल बोर्ड से दिव्यांग को मिला प्रमाण पत्र

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** ग्राम जटलापुर पोस्ट भोमा निवासी जितेंद्र गौतम पिता बैजनाथ गौतम 2022 से एक्सीडेंट के बाद से विकलांगता का शिकार हो गया था काफी समय से परेशान होते होते कौमी एकता कमेटी के पदाधिकारी शंकर लाल डेहरिया जी द्वारा कमेटी के अध्यक्ष असलम बाबा से मिलकर दिव्यांग की परेशानी बताई असलम बाबा ने मेडिकल बोर्ड ले जाकर दिव्यांग की सहायता करते हुए समस्त दस्तावेज प्रस्तुत कर दिव्यांग को दिव्यांग प्रमाण पत्र जिला चिकित्सालय द्वारा प्रदान किया गया।

# सरेखा लालोपर मार्ग पर फिर बाढ़ का संकट, स्कूल से लौटे मासूम एक घंटे तक नाले के किनारे फंसे पुलिया की मांग फिर हुई तेज

**केवलारी विकासखंड के सरेखा लालोपर मार्ग की वर्षों पुरानी समस्या एक बार फिर सामने आई है। बरसात के कारण नाले में उफान आने से स्कूल से लौट रहे मासूम छात्र छात्राएं घंटों रास्ते में फंसे रहे। सवाल यह है कि आखिर इन बच्चों की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी है, देखिए यह विशेष रिपोर्ट।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।



केवलारी क्षेत्र के ग्राम सरेखा और लालोपर को सिवनी मंडला मुख्य मार्ग से जोड़ने वाले नाले पर पुल या पुलिया नहीं होने का खामियाजा एक बार फिर ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को भुगतना पड़ा,स्कूल की छुट्टी के बाद शाम करीब 5 बजकर 10 मिनट पर छात्र छात्राएं सरेखा मार्ग पर पहुंचे, लेकिन तब तक नाले का पानी तेजी से बढ़ चुका था। शाम 6 बजे तक भी जलस्तर कम नहीं हुआ। लगभग एक घंटे तक बच्चे नाले के दोनों ओर अपने परिजनों से अलग खड़े रहे। एक ओर मासूम बच्चे थे तो दूसरी ओर उनके माता-पिता, लेकिन बीच में उफनता नाला उनकी बेबसी का कारण बना रहा।

ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई नई समस्या नहीं है। हर वर्ष बरसात में यही हालात बनते हैं। लगभग 100 से 150 विद्यार्थी कई दिनों तक स्कूल और कॉलेज नहीं पहुंच पाते, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है और भविष्य पर भी असर पड़ता है।

कुछ दिन पहले ही केवलारी में आयोजित जनसुनवाई में सरेखा और लालोपर के ग्रामीणों, महिलाओं, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों ने जिला कलेक्टर के समक्ष इस समस्या को प्रमुखता से उठाया था। उन्होंने नाले पर स्थायी पुल या पुलिया निर्माण की मांग करते हुए ज्ञापन भी सौंपा था, ताकि बरसात के दिनों में बच्चों की पढ़ाई और ग्रामीणों का आवागमन बाधित न हो।ग्रामीणों का आरोप है कि समस्या की गंभीरता को देखते हुए अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि यदि समय रहते पुल निर्माण की अनुशंसा कर शासन स्तर पर पहल की गई होती, तो आज बच्चों को इस तरह जोखिम उठाकर घर नहीं लौटना पड़ता।स्थानीय लोगों ने यह भी सवाल उठाया कि जब नाला उफान पर था, तब मौके पर न तो पुलिस बल तैनात था और न ही प्रशासन की ओर से किसी कर्मचारी की व्यवस्था की गई थी, जो बच्चों और ग्रामीणों को जोखिम भरे रास्ते से गुजरने से रोक सके। ऐसे में यदि कोई दुर्घटना होती है, तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी,

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि नाले पर जल्द से जल्द स्थायी पुल या पुलिया का निर्माण कराया जाए और जब तक निर्माण नहीं होता, तब तक बरसात के दौरान सुरक्षा और वैकल्पिक आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

सवाल यही है कि हर साल दोहराई जाने वाली इस समस्या का स्थायी समाधान आखिर कब होगा, क्या इस बार प्रशासन सरेखा लालोपर के बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा को प्राथमिकता देगा, या फिर यह मुद्दा भी वर्षों की तरह केवल आश्वासनों तक ही सीमित रहेगा, अब सभी की निगाहें जिला प्रशासन और शासन के अगले कदम पर टिकी हैं।

## इधन, जल जीवन मिशन की घोर लापरवाही, सड़क खोदकर छोड़ दी, आठ दिनों से परेशान हैं राहगीर



**सोनखार।** जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के कार्य में ठेकेदार की कथित लापरवाही से सोनखार क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि लगभग आठ दिन पहले उगली-केवलारी मुख्य मार्ग पर पाइपलाइन डालने के लिए सडक़ को पूरी तरह काट दिया गया था। कार्य पूरा होने के बाद सडक़ की उचित मरम्मत नहीं की गई और केवल मिट्टी डालकर उसे भर दिया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि सडक़ को पहले की तरह डामर या सीमेंट-कंक्रीट से पुनर्निर्मित किया जाना चाहिए था, ताकि आवागमन सुचारु बना रहे। लेकिन ठेकेदार द्वारा ऐसा नहीं किए जाने से सडक़ पर गड्ढे और उबड़-खाबड़ स्थिति बन गई है। इससे दोपहिया वाहन चालक, स्कूली छात्र, बुजुर्ग और अन्य राहगीरों को रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई राहगीर फिसलकर गिर चुके हैं और दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि संबंधित विभाग और प्रशासन इस मामले में पूरी तरह उदासीन बना हुआ है। उनका कहना है कि यदि समय रहते सडक़ की गुणवत्तापूर्ण मरम्मत नहीं कराई गई तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों का यह भी आरोप है कि ठेकेदार बिना किसी जवाबदेही के कार्य कर रहा है और उसे प्रशासनिक कार्रवाई का कोई भय नहीं दिखाई देता।

क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन एवं जल जीवन मिशन के अधिकारियों से मांग की है कि मामले की तत्काल जांच कर सडक़ की शीघ्र मरम्मत कराई जाए तथा लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके और भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही दोबारा न हो।

## मानेगांव शिवशक्ति कॉलोनी में शुरुआती बारिश ने खोली सडक़ निर्माण की पोल, घुटनों तक गड्ढों में भरा पानी, हादसे का खतरा

**सिवनी।** जिले के मानेगांव स्थित शिवशक्ति कॉलोनी में पहली ही बारिश ने सडक़ निर्माण और रखरखाव की पोल खोलकर रख दी है। कॉलोनी की मुख्य सडक़ पर बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भर जाने से आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। स्थिति ऐसी है कि सडक़ और गड्ढों में अंतर करना मुश्किल हो गया है, जिससे हर समय दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सडक़ पर जगह-जगह घुटनों तक गहरे गड्ढे बन गए हैं। बारिश का पानी भर जाने से स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मजबूरी में लोगों को पानी से भरे गड्ढों के बीच होकर निकलना पड़ रहा है। तस्वीरों में भी साफ देखा जा सकता है कि स्कूली बच्चे और स्थानीय नागरिक जलभराव के बीच खड़े होकर प्रशासन का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित कर रहे हैं। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक सडक़ की मरम्मत नहीं कराई गई, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

निवासियों ने जिला प्रशासन और नगर पालिका से मांग की है कि



सडक़ का तत्काल निरीक्षण कर गड्ढों की मरम्मत कराई जाए तथा जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।

## सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी को हुई 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

घंसोर थाना का जघन्य सनसनी खेज का यह मामला दिनांक 24/06/2022 के रात्रि लगभग 09 बजे का है। पीड़िता उक्त दिनांक को 04 बजे अपने ग्राम से काम एवं दवाई लेने घंसौर आई थी , पीड़िता को देर हो गई थी साधन नही मिलने से रात्रि के लगभग 09 बजे घर जाने के लिए पहाड़ी चौक के होटल के पास साधन देख रही थी। तभी उस समय उक्त होटल से आरोपी सोनू ऊईके पिता बदामीलाल उईके , उम्र करीब 32 वर्ष ,निवासी ग्राम बज्जरवाडा, थाना बावई जिला नर्मदापुरम तथा आमिर खान पिता अली मोहम्मद ,उम्र करीब 36 वर्ष ,निवासी दातला मजदीद के पास जुनारदेव , थाना जुनार देव , जिला छिंदवाड़ा के खाना खाकर निकले और पीड़िता को बोले की हम लोग तुम्हे तुम्हारे गांव छोड़ देगे ,डरने की कोई बात नही और अपने ट्रक क्रमांक एमपी 09/ एचजी /1225 के पास लेकर गए और जबरदस्ती हाथ पकडक़र और धकेल कर ट्रक में चढ़ा दिया और ट्रक को चालू करके मंडला रोड तरफ ट्रक को ले गए, चलते ट्रक में आरोपी आमिर खान ने पीड़िता के साथ जबदस्ती बलात्कार किया। जब ट्रक टोल नाके पर पहुंचा और रुका तो पीड़िता ने टोल नाका वालो को बचाओ के लिए चिल्लाई तो , टोल नाका में उक्त ट्रक के आरोपी चालक और कंडक्टर कूद कर भाग गए। टोल के कर्मचारियों ने पीड़िता को बचाया और पुलिस को सूचना दिया।

पुलिस के द्वारा पीड़िता की रिपोर्ट पर मामला कायम कर विवेचना दौरान ट्रक को जब्त किया और दिनांक 07/07/2022 को आरोपी सोनू ऊईके को गिरफ्तार किया और दिनांक 16/08/2022 को आमिर खान को गिरफ्तार किया और अन्वेषण पूर्ण पश्चात माननीय न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। जिसकी सुनवाई माननीय विशेष न्यायाधीश एट्रोसिटी एक्ट सिवनी गालिब रसूल की न्यायालय में की गई जिसमे शासन की ओर से एडीपीओ लोकेश घोरमारे और तथा एडीपीओ ओमप्रकाश सूर्यवंशी के द्वारा गवाहों और सबूतों को पेश किया और प्रभावशाली तर्क प्रस्तुत किए । सुनवाई के दौरान आरोपी सोनू ऊईके फरार हो गया, जिसके संबध में स्थाई गिरफ्तार वारंट जारी है ,उसके गिरफ्तार होने पर उसके संबध में विचारण किया जायेगा और निर्णय दिया जायेगा। आरोपी आमिर खान के विरूद्ध सुनवाई पूर्ण होने पर , माननीय विद्वान न्यायालय द्वारा आरोपी आमिर खान को धारा 342 भा.द.वी.में 6 में माह का, धारा =366/34 भा.द.वी. में 05 वर्ष का एवं धारा-376 (डी) भा.द.वी. में 20 वर्ष के कठोर से दंडित करने का निर्णय आज दिनांक को सुनाया है ।

## स्वैच्छिकता पर्व के अंतर्गत एक पेड़ माँ के नाम अभियान में शासकीय माध्यमिक शाला बंडोल में हुआ वृक्षारोपण

**बंडोल।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, जिला सिवनी द्वारा आयोजित स्वैच्छिकता पर्व के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत आज शासकीय माध्यमिक शाला, बंडोल परिसर में उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का एहसास कराना था।

यह कार्यक्रम जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी और सतयोगी सोसायटी फॉर ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट सिवनी की अध्यक्ष श्रीमती सीमा गढ़पायले के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए तथा उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया गया। उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उन्हें वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखने का आह्वान किया।

इस अवसर पर शासकीय माध्यमिक शाला बंडोल के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ, विद्यालय के छात्र-छात्राएँ तथा नवांकुर संस्था - सतयोगी सोसायटी फॉर ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट के प्रतिनिधि जितेंद्र लिल्हारे विशेष रूप से



उपस्थित रहे। साथ ही ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सचिव अनुरंजन सिंह बघेल एवं अध्यक्ष अरविंद बघेल ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराते हुए वृक्षारोपण में सक्रिय सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने तथा एक पेड़ माँ के नाम अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को संतुलित नहीं रखते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ व सुरक्षित भविष्य का आधार भी हैं। इस प्रकार यह आयोजन सामाजिक सहभागिता, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वैच्छिक सेवा की भावना को मजबूत करने वाला प्रेरणादायक कार्यक्रम सिद्ध हुआ।

## कलेक्टर नेहा मीना ने किया नवाचारों का मैदानी निरीक्षण, PMFME इकाइयों और आधुनिक खेती के मॉडल का लिया जायजा



**छपारा।** सिवनी कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने गुरुवार 23 जुलाई को विकासखंड छपारा क्षेत्र का दौरा कर प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME) के अंतर्गत संचालित इकाइयों एवं आधुनिक कृषि गतिविधियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उद्यमियों और किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए इसके साथ - साथ कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित जनों से भी सवांद कर उनकी समस्याओं को सुना और त्वरित उचित समाधान किए जाने आश्वासन दिया।

### मानवता की मिसाल: परिवार नहीं था, तो बस स्टैंड बना अपना परिवार

## छपारा में कचरु चाचा को नगरवासियों ने पूरे सम्मान और रीति-रिवाजों के साथ दी अंतिम विदाई

**छपारा।** इंसानियत और सामाजिक संवेदनशीलता की ऐसी मिसाल कम ही देखने को मिलती है, जब पूरा नगर किसी बेसहारा व्यक्ति का परिवार बन जाए। सिवनी जिला के छपारा नगर के बस स्टैंड पर 22 जुलाई दोपहर ऐसा ही भावुक दृश्य उस समय देखने को मिला, जब वर्षों से बस स्टैंड परिसर में हमाली कर अपना जीवनयापन करने वाले और यात्रियों को बसों के लिए आवाज लगाने वाले कचरु यादव (पिता पंचम यादव) के निधन के बाद बस स्टैंड के व्यवसायियों, हमालों और स्थानीय युवाओं ने उनके अंतिम संस्कार की पूरी जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाई।

करीब 50 वर्षीय कचरु यादव, जिन्हें नगरवासी स्नेहपूर्वक



कचरु चाचा के नाम से जानते थे, का उपचार के दौरान सिवनी जिला चिकित्सालय में निधन हो गया। जीवनभर बस स्टैंड को ही अपना घर मानने वाले कचरु चाचा के निधन की खबर मिलते ही पूरे बस स्टैंड परिसर में शोक की लहर दौड़ गई।

परिजनों का तत्काल कोई सहारा नहीं होने पर बस स्टैंड के व्यापारियों, हमालों और युवाओं ने बिना किसी भेदभाव के आगे बढ़कर अंतिम संस्कार की सभी व्यवस्थाएं संभालीं। बुधवार शाम लगभग 4 बजे बस स्टैंड से उनकी अंतिम यात्रा पूरे सम्मान और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ श्मशान घाट के लिए निकाली गई। लगातार हो रही बारिश के बीच तिरपाल की व्यवस्था कर धार्मिक विधि-विधान के अनुसार सभी संस्कार संपन्न कराए गए। बाद में पहुंचे उनके कुछ रिश्तेदार भी अंत्येष्टि में शामिल हुए और अंतिम विदाई दी।

# हरिभूमि विशेषः डुंगरिया पंचायत में ठप जनसुनवाई, दफ्तर में ताला; ऑन-ड्यूटी खाद-बीज और सैलून की दुकान चला रहे सचिव-रोजगार सहायक!

### केवलारी सीईओ प्रांजुल पाठक की लचर कार्रवाई से असंतोष: 1 दिन का वेतन काटकर भ्रष्टाचारियों पर मेहरबानी या मामले की लीपापोती?

**विशेष संवाददाता कैलाश लाहौरी,दैनिक हरिभूमि।** पलारी सिवनी जिला मुख्यालय से लेकर जनपद स्तर तक शासन के जन-कल्याणकारी आदेशों और प्रशासनिक निर्देशों की किस प्रकार धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, इसकी एक बानगी केवलारी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत डुंगरिया से सामने आई है। जिला कलेक्टर महोदया द्वारा प्रत्येक मंगलवार को पंचायतों में जनसुनवाई आयोजित करने के सख्त निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद 14 जुलाई 2026 (मंगलवार) को ग्राम पंचायत डुंगरिया में जनसुनवाई का आयोजन नहीं किया गया और पंचायत कार्यालय में दिनभर ताला लटका रहा। दूर-दराज के गांवों से अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे गरीब, बुजुर्ग और महिलाएं पंचायत भवन के बाहर परेशान होकर वापस लौटने को मजबूर हुए।

### ऑन-ड्यूटी निजी व्यापार चला रहे मुलाजिम (कैमरे में कैद)

मामले में चौंकाने वाला सच तब उजागर हुआ जब स्थानीय स्तर पर पड़ताल की गई। जनसुनवाई के समय पंचायत के सचिव श्याम सिंह उईके और ग्राम रोजगार सहायक प्रदीप राय (उर्फ मोनू) पंचायत कार्यालय में उपस्थित रहने के बजाय खापाबाजार में स्थित अपनी निजी दुकानों पर मजे से कारोबार चला रहे थे। रोजगार सहायक प्रदीप राय अपनी खाद-बीज की दुकान संचालित करते पाए गए, जबकि सचिव श्याम सिंह उईके सैलून व अन्य दुकान पर समय बिताते दिखे। शासकीय सेवाकाल और ड्यूटी समय के दौरान सरकारी दफ्तर बंद रखकर निजी व्यापार चलाना सिविल सेवा आचरण नियमों का घोर उल्लंघन और पदीय दायित्वों के प्रति गंभीर कदाचरण है।

### सीईओ प्रांजुल पाठक की लीपापोती पर उठे सवाल

जब मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से यह मामला उजागर हुआ, तो मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत केवलारी श्री प्रांजुल पाठक द्वारा दिनांक 16.07.2026 को कारण बताओ नोटिस (पत्र क्र. 818) जारी किया गया था। इसके जवाब में सचिव द्वारा पीएम आवास योजना के हितग्राही से विवाद होने का बहाना बनाया गया।

**खास बातें**

- जनसुनवाई का बहिष्कार करने वालों पर कब गिरेगी गाज? कलेक्टर दरबार पहुंचा मामला, जिला स्तरीय उच्च स्तरीय जांच की मांग!
- डूंगरिया पंचायत में जनसुनवाई का बहिष्कार : ऑन-ड्यूटी निजी कारोबार चला रहे सचिव-रोजगार सहायक; सीईओ केवलारी की 1 दिन का वेतन काटने की कार्रवाई से ग्रामीणों में आक्रोश
- जिला कलेक्टर के पास पहुंचा मामला, निष्पक्ष जांच व निलंबन-सेवा समाप्ति की मांग

किंतु इसके बाद सीईओ प्रांजुल पाठक द्वारा जारी आदेश (पत्र क्र. 836 दिनांक 18.07.2026) ने प्रशासनिक पारदर्शिता और निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सीईओ प्रांजुल पाठक ने इतने गंभीर कृत्य पर केवल 1 दिवस का अवैतनिक करने और अंतिम चेतावनी देकर मामले को रफा-दफा कर दिया। ग्रामीणों और आवेदकों का स्पष्ट आरोप है कि जनपद सीईओ द्वारा की गई यह कार्रवाई केवल कागजी खानापूर्ति है, जिससे लापरवाह और भ्रष्टाचारी कर्मचारियों का मनोबल बढ़ रहा है।

### वित्तीय घपले और रिकॉर्ड छुपाने की आशंका

पंचायत भवन को बंद रखना, जनसुनवाई का बहिष्कार करना और अधिकारियों के नोटिस को हल्के में लेना इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि ग्राम पंचायत डुंगरिया में पिछले वर्षों में कराए गए विकास कार्यों, मनरेगा, 15वें वित्त आयोग, मस्टर रोल और निर्माण कार्यों में भारी वित्तीय गड़बड़ी की गई है। वित्तीय अभिलेखों और मस्टर रोल में किए गए घपले को छुपाने के उद्देश्य से ही कार्यालयीन समय में दफ्तर बंद रखा जाता है।

### कलेक्टर दरबार पहुंचा मामला, उच्च स्तरीय जांच की मांग

जनपद स्तर की पक्षपातपूर्ण और लचर कार्रवाई से असंतुष्ट होकर आवेदक गणेश चौकसे (निवासी भीमगढ़, थाना छपारा) ने जिला कलेक्टर महोदया सिवनी के समक्ष औपचारिक शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदन के साथ 14 जुलाई को पंचायत में ताला बंद होने, सचिव व रोजगार सहायक के दुकान पर बैठने के वीडियो-छायाचित्र और सीईओ के नोटिसों की प्रतियां संलग्न की गई हैं।

### आवेदक व ग्रामीणों ने कलेक्टर से निम्नलिखित मांग की है

कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाईः ऑन-ड्यूटी निजी कारोबार चलाने और जनसुनवाई का बहिष्कार करने पर सचिव श्याम सिंह उईके को तत्काल निलंबित किया जाए तथा रोजगार सहायक प्रदीप राय की संविदा सेवाएं समाप्त की जावें।

विशेष जांच दल का गठन- जनपद केवलारी के अधिकारियों को अलग रखकर जिला स्तर के अधिकारियों की एक विशेष जांच टीम गठित कर पिछले 3 वर्षों के निर्माण कार्यों, मूल्यांकन पुस्तकों और वित्तीय खातों का गहन ऑडिट कराया जाए।

वित्तीय वसूली व एफ.आई.आर-जांच में वित्तीय हेराफेरी सिद्ध होने पर संबंधित दोषियों के विरुद्ध शासकीय राशि की वसूली की जावे और भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई जावे।

### हरिभूमि का प्रशासनिक सवाल

क्या जिला प्रशासन केवलारी सीईओ प्रांजुल पाठक की इस नाममात्र की कार्रवाई को दरकिनार करते हुए दोषियों पर कोई कठोर दंडात्मक कदम उठाएगा, या फिर शासन के जनसुनवाईजैसे महत्वपूर्ण अभियान का यूं ही मजाक बनता रहेगा? दैनिक हरिभूमि इस मामले पर लगातार नजर बनाए रखेगा।

### जंतर-मंतर आंदोलन के समर्थन में सौंपा ज्ञापन

## छात्र-छात्राओं पर कार्रवाई व जिले में अवैध शराब बिक्री पर जताई चिंता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मूलनिवासी परंपरागत जनजागृति समिति, सिवनी द्वारा गुरुवार को राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर सिवनी के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे आंदोलन का समर्थन करते हुए आंदोलनकारियों एवं छात्र-छात्राओं के साथ कथित रूप से हो रहे अत्याचार और बल प्रयोग का विरोध दर्ज कराया गया। ज्ञापन में समिति ने कहा कि जंतर-मंतर पर चल रहे आंदोलन में शामिल लोगों के साथ की जा रही कार्रवाई लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। संगठन ने शासन-प्रशासन से आंदोलनकारियों के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाने और उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करने की अपील की है। इसके साथ ही ज्ञापन में सिवनी जिले की स्थानीय समस्याओं का भी उल्लेख किया गया है। समिति का आरोप है कि जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के गांवों में अवैध रूप से कच्ची एवं पक्की शराब की बिक्री जारी है, जिससे सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से जिले में अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए इसे पूर्णतः बंद कराने की मांग की गई। समिति ने ज्ञापन की प्रतिलिपि प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को भी प्रेषित करते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

